# संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

**सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश**

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
(2005-2017)

**क्र. /आई.डी.एस.पी. /20/** 107 **भोपाल, दिनांक** 12.02.2020

प्रति,

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
जिला :– भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर म.प्र.।

**विषय :– Noval Corona Virus (COVID-2019) बीमारी के संबंध में।**

उपरोक्त विषय में लेख है कि चीन एवं 24 अन्य प्रभावित देशों से (जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, मलेशिया, कम्बोडिया, थाईलेंड, नेपाल, श्रीलंका, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, बेल्जियम, इंग्लेंड, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग, फिलीपींस, स्वीडन, इटली, स्पेन एवं फिनलेंड) लौट रहे यात्रियों को नोवल कोरोना वायरस (Noval Corona Virus (**COVID-2019**)) के लिए निगरानी में रखा जाना है। उक्त देशों से आये यात्रियों की भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर एयरपोर्ट पर आने की संभावना हो सकती है। यात्रियों में नोवल कोरोना वायरस के लक्षण जैसे बुखार, खाँसी, सांस लेने में तकलीफ आदि पाये जाते है, तो गाईड लाईन का कड़ाई से पालन किया जावे।

अतः उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जिले के एयरपोर्ट अर्थोरिटी से संपर्क कर उक्त देशों से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम (मेडिकल ऑफिसर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ) जिनके द्वारा लौट रहे यात्रियों का स्वास्थ्य परिक्षण किया जाए एवं उक्त बीमारी संबंधी किसी भी प्रकार के लक्षण पाये जाने पर उसकी रोकथाम एवं नियंत्रण किया जा सके। साथ ही यात्रियों द्वारा सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म (Self Declaration Form) भरवाए तथा निर्धारित प्रपत्र में उसकी जानकारी तत्काल राज्य सर्विलेंस इकाई को आवश्यक रूप से दी जाना सुनिश्चित करें। हवाई जहाज से उतरने वाले 1 या 2 यात्रियों से फ्लाईट में कोरोना वायरस के लिए हुए उद्घोषणा की जानकारी ले।

**Noval Corona Virus (COVID-2019) के प्रभावित देशों से आ रहे यात्रियों की जानकारी प्रदाय किये गये प्रपत्र में राज्य सर्विलेंस इकाई के ईमेंल idspssu@mp.gov.in पर प्रतिदिन भेजें।**

**संलग्न :– रिर्पोटिंग फार्मेट।**

**(डॉ.वीणा सिन्हा)**
अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

**पृ.क्र. /आई.डी.एस.पी. /20/** **भोपाल, दिनांक**......................

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
5. क्षेत्रिय संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं, संभाग भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर एवं इंदौर, म.प्र.।

निरंतर......

6. जिला सर्विलेंस अधिकारी/ एपिडिमियोलॉजिस्ट, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर एवं इंदौर, म.प्र.।

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.